# चोरी की 12 बाइक के साथ तीन गिरफ्तार


चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार आरोपी। (संवाद)

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर चोरी की 12 मोटरसाइकिल के साथ तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर दद्दन सिंह ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन अज्ञात व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल के साथ नेपाल जा रहे हैं।

घेराबंदी पर तीन व्यक्ति तीन मोटर साइकिल से आते हुए दिखाई पड़े। सभी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। जिन्हें घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। कागजात की मांग पर तीनों वाहन से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके। तीनों की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम मकुनी झिरझिरवा के मजरा बधनी निवासी अखलाख उर्फ नेता, रोशनपुरवा निवासी मोहिद खां, बदला चौराहा निवासी शारिफ खान के रूप में हुई। सभी ने तीनों बाइक चुराना स्वीकारा। उनके कब्जे से अलग अलग स्थानों व जिलों से चोरी की गई 12 मोटर साइकिल बरामद हुई। कार्रवाई कर तीनों को जेल भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे ने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने 15000 रुपये से पुरस्कृत किया है। (संवाद)